# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

शिक्षा भवन दिग्घीकला हाजीपुर पिन 844102

ईमेल deovaishali.edn@gmail.com, deo-vaishali@bihar.gov.in


पत्रांक ....1601.....

प्रेषक,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

सेवा में,

प्रभारी प्रधानाध्यापक,
जी ए इंटर उच्च विद्यालय हाजीपुर,
प्रखंड हाजीपुर, जिला वैशाली।

दिनांक 27/07/2026

विषय:- स्पष्टीकरण के संबंध में।

प्रसंग:- एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली पर दर्ज परिवाद पंजीकरण संख्या आर ई एफ 603816 दिनांक 20.07.2026।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में अंकित करना है कि एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से श्रीमती संगीता कुमारी मोबाइल नंबर 7631821620 द्वारा एक शिकायत दर्ज कराई गई है। परिवाद में अंकित किया गया है कि उनका पुत्र पुष्कर आनंद स्वामी आपके विद्यालय में कक्षा सात का छात्र है। छात्र के स्थानांतरण प्रमाण पत्र की आवश्यकता हेतु अभिभावक द्वारा विद्यालय से संपर्क किया जा रहा है परंतु आपके विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उन्हें प्रतिदिन दौड़ाया जा रहा है तथा स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है जिससे छात्र की पढ़ाई बाधित हो रही है।

छात्रों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत करने में अनावश्यक विलंब करना तथा अभिभावकों को परेशान करना अत्यंत खेदजनक तथा आपके घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का परिचायक है। आपका यह कृत्य पदीय दायित्वों के सर्वथा विपरीत एवं शिक्षा विभाग की छवि को धूमिल करने वाला है।

अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के चौबीस घंटे के अंदर संबंधित छात्र का स्थानांतरण प्रमाण पत्र नियमानुसार निर्गत करते हुए इस संबंध में अपना सुस्पष्ट स्पष्टीकरण साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे कि क्यों नहीं आपके विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाए। ससमय संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आपके विरुद्ध एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

विश्वासभाजन

27.7.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

27/7/26

अनुलग्नक यथोक्त।

ज्ञापांक ....1601........... / हाजीपुर, दिनांक 27/07/2026

प्रतिलिपिः श्रीमती संगीता कुमारी / प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हाजीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27.7.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

27/7/26